Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 19-05-2006

Participants : Suman Shri Ramji Lal

an>

Title : Non-implementation of Rangarajan Committee Report regarding hike in prices of Petroleum products.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : सभापति जी, अन्तर्राट्रीय बाजार में जब क्रूड ऑयल के दाम बढ़ते हैं, तो सरकार यह तर्क देती है कि पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाने हमारे लिए जरूरी हैं। पिछली बार जब अन्तर्राट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के दाम कम हुए और 51 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए, तो हमने इस सदन में सरकार से विनम्र आग्रह किया था कि पेट्रोल और डीजल के दाम घटाए जाएं, लेकिन उस समय दाम नहीं घटाए गए। इतना अवश्य हुआ कि हवाई जहाज में प्रयोग होने वाला जो ईंधन था, उसके दामों में कमी जरूर हो गई।

महोदय, उस समय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री मणिशंकर अय्यर थे। उन्होंने सदन को आश्वासन दिया था कि प्रधान मंत्री जी ने श्री सी. रंगराजन की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया है

और उसे यह दायित्व सौंपा गया है कि वह पेट्रोलियम उत्पादों पर लगाए जाने वाले करों को न्यायोचित बनाने हेतु राय दे तथा पेट्रोलियम उत्पादों के ि वक्रय मूल्यों के निर्धारण के संबंध में अपनी सिफारिशें करे। सरकार ने यह भी कहा था कि पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्यों में बढ़ोत्तरी या कमी श्री सी. रंगराजन कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद ही की जाएगी।

महोदय, फरवरी, 2006 में श्री सी. रंगराजन कमेटी की रिपोर्ट इस सरकार को प्राप्त हो गई है, लेकिन मुझे बेहद अफसोस है कि सदन में अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करने के बाद भी इस सरकार ने श्री सी. रंगराजन कमेटी की अनुशंसाओं को आज तक लागू नहीं किया है। हमारा आपके मार्फत सरकार से विनम्र आग्रह है और हम मांग करना चाहते हैं कि पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्यों में बढ़ोत्तरी या कमी उस रिपोर्ट की अनुशंसाओं के आधार पर की जाए। यह न हो कि जब सरकार चाहे दाम बढ़ा दे और जब चाहे घटा दे। दाम घटाने या बढ़ाने हेतु सिफारिशें देने के लिए श्री सी. रंगराजन कमेटी बनी थी। उसने अपनी रिपोर्ट दे दी

। हम अपेक्षा करना चाहेंगे कि सरकार अपनी वचनबद्धता को पूरा करे और श्री सी. रंगराजन कमेटी की सिफारिशों को तत्काल लागू करने का काम करे।